संख्या-94/2015/1293/41-15-10 यो0/2015

प्रेषक,

शिव कुमार पाठक,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
पर्यटन, उ0प्र0,
लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग लखनऊ दिनांक **2**8 मई, 2015

विषय- लखनऊ में दो हेरिटेज वाक बाइसिकल टूअर के माध्यम से संचालन हेतु प्री-फिजिबिलिटी/डी0पी0आर0 रिपोर्ट तैयार करने के लिए कन्सल्टेंट के चयन हेतु स्वीकृत धनराशि पर सर्विस टैक्स की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक पर्यटन निदेशालय के पत्र सं0-369/8-16 (बा0टू0) कन्सलटेन्ट (बाइसिकल टूअर)/2015, दिनांक 25-05-2015 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- वित्तीय वर्ष 2014-15 में लखनऊ में दो हेरिटेज वाक बाइसिकल टूअर के माध्यम से संचालन हेतु प्री-फिजिबिलिटी/डी0पी0आर0 रिपोर्ट तैयार करने के लिए कन्सल्टेंट के चयन हेतु रू0 6.56 लाख की धनराशि की वित्तीय स्वीकृति शासनादेश संख्या-20/2015/190/41-15-10 यो0/2015, दिनॉक 05.02.2015 द्वारा निर्गत की गयी है।

3- उक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि लखनऊ में दो हेरिटेज वाक बाइसिकल टूअर के माध्यम से संचालन हेतु प्री-फिजिबिलिटी/डी0पी0आर0 रिपोर्ट तैयार करने के लिए कन्सल्टेंट के चयन हेतु स्वीकृत धनराशि पर सर्विस टैक्स रू0 81090/- (रू0 इक्यासी हजार नब्बे मात्र) की धनराशि की वित्तीय स्वीकृति निर्गत कर आपके निर्वतन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल निम्नलिखित शर्तों के अधीन सहर्ष प्रदान करते हैं:-

1. स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण/व्यय सुसंगत वित्तीय नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।
2. स्वीकृत धनराशि का व्यय किसी अन्य प्रयोजन हेतु कदापि नहीं किया जायेगा एवं उक्त कार्यों को अनुमोदित लागत के सीमान्तर्गत ही किया जायेगा।
3. यदि कोई धनराशि बचती है तो उसे तत्काल शासन को समर्पित/राजकोष में जमा कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

http://gisanadesh.up.nic.in

4. यह सुनिश्चित किया जायेगा कि उपरोक्तांकित स्वीकृत योजनान्तर्गत कार्यों हेतु किसी अन्य स्रोतों से धनराशि प्राप्त न की गयी हो।

3- उक्त के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-44 के अन्तर्गत के लेखाशीर्षक-3452-पर्यटन राजस्व परिव्यय- आयोजनागत-80-सामान्य-800-अन्य व्यय-03-पर्यटन सूचना एवं प्रचार-16-व्यवसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिये भुगतान के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015, दिनांक-30-03-2015 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय

(शिव कुमार पाठक)
उप सचिव।

संख्या-**94/2015**/1293(1)/41-2015 तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1- महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3- वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
4- वित्त (व्यय) नियंत्रण अनुभाग-7
5- श्री राजा राम वेब अधिकारी, पर्यटन विभाग को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि इसे वेब-साइट पर अंकित करना सुनिश्चित करें।
6- गार्ड-फाइल।

आज्ञा से,

(विनय कुमार सिंह)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in